भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 299

30.11.2021 को उत्तरार्थ

विषय: रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य

299. श्री विजयकुमार उर्फ़ विजय वसंत:

श्री एस. आर पार्थिबन:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2021 के लिए या विपणन/खरीद सत्र 2022-23 के दौरान नामित रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी एमएसपी में वृद्धि का फसल-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एमएसपी के प्रभाव और किसानों को होने वाले संभावित लाभों का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): सरकार ने हाल ही में कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों और संबंधित राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के अभिमतो और अन्य संगत कारको पर विचार करने के बाद रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2022-23 के लिए 6 अधिदेशित रबी फसलों अर्थात गेहूँ, जौ, चना, मसूर (लेंटिल), रेपसीड और सरसों तथा कुसुम्भ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है।

(ख): आरएमएस 2022-23 के लिए अधिदेशित रबी फसलों की एमएसपी **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) तथा (घ): नीति आयोग (पूर्वतः योजना आयोग) ने "किसानों पर न्यनूतम समर्थन मूल्य का प्रभाव, 2016" शीर्षक पर एक अध्ययन किया है। अध्ययन में 14 राज्यों के 36 जिले, 72 ब्लॉक, 144 गांव और 1440 परिवारों को शामिल किया गया है। अध्ययन प्राथमिक और द्वितीयक दोनो डेटा पर आधारित है। अध्ययन में अन्य बातों से साथ-साथ यह पाया गया कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से, अध्ययन के तहत कवर किए गए 78% किसानों को खेती की उन्नत पद्धतियों जैसे कि बीजो की उच्च पैदावार वाली किस्में, जैविक खाद, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और कटाई की उन्नत पद्धतियां आदि को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया है।

<u>अनुबंध</u>

दिनांक 30.11.2021 को देय उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 299 के उत्तर के भाग (ख) के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

<u>रबी विपणन मौसम 2022-23 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)</u>

क्र.सं.	**जिन्स**	**एमएसपी (₹/क्विंटल)**
1	गेहूँ	2015
2	जौ	1635
3	चना	5230
4	मसूर (लेंटिल)	5500
5	रेपसीड तथा सरसों	5050
6	कुसुम्भ	5441